# राजस्थान करंट अफेयर्स 2025

## 24 अप्रैल 2025








Praveen Kumar Sharma

GK Search Engine



# Rajasthan Current Affairs

GET IT ON Google Play

## by GK Search Engine

Download App

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine

Yesterday, Quiz:

## Q. सिविल सेवा दिवस के अवसर पर पहली बार "राजस्थान संपर्क पुरस्कार से कितने IAS अधिकारियों को सम्मानित किया गया?

(a) 09

(b) 24

(c) 13

(d) इनमें से कोई नही

♦सिविल सेवा दिवस (21 अप्रैल) पर पहली बार "राजस्थान संपर्क पुरस्कार" की शुरुआत की गई है

♦जन शिकायतों के समयबद्ध समाधान में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 13 आईएएस अफसर सम्मानित हुए

♦मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा जयपुर में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में राजस्थान सम्पर्क पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

01. राष्ट्रीय पोषण पखवाड़ा 2025 में राजस्थान देश में कौनसे स्थान पर रहा है?

(A) पहले

(B) दूसरे

(C) तीसरे

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

♦राष्ट्रीय पोषण पखवाड़ा में राजस्थान देश में प्रथम स्थान पर है

♦महिला एवं बाल विकास मंत्रालय पोषण जागरूकता को बढ़ावा देने, स्वास्थ्य परिणामों में सुधार लाने और समुदायों को सशक्त बनाने के लिए देश में पोषण पखवाड़ा का 7वां संस्करण 8 अप्रैल से 22 अप्रैल 2025 तक आयोजित किया गया

♦ पोषण अभियान का मकसद तकनीक और परंपरा के तालमेल से बच्चों और महिलाओं के बीच स्वस्थ और पौष्टिक आहार को बढ़ावा देना है।

**02. राजस्थान में पांच दिवसीय जयपुर ओपन क्लासिकल फिडे रेटेड चेस टूर्नामेंट 2025 का शुभारम्भ कब हुआ?**

(A) 20 अप्रैल

(B) 21 अप्रैल

(C) 23 अप्रैल

(D) इनमें से कोई नही

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

♦राजस्थान में गुलाबी नगरी जयपुर में पांच दिवसीय जयपुर ओपन क्लासिकल फिडे रेटेड चेस टूर्नामेंट 2025 का शुभारम्भ जयपुर क्लब में हुआ.

♦ राजधानी जयपुर में 23 से 27 अप्रैल तक पांच दिवसीय जयपुर ओपन क्लासिकल फिडे रेटेड चेस टूर्नामेंट का आयोजन जयपुर क्लब में किया जाएगा।

♦ यह टूर्नामेंट वेव्स और जयपुर हेल्थ एंड वैलनेस (जेएचडब्ल्यू) की संयुक्त पहल है, जिसका उद्देश्य सभी आयु वर्गों के बीच मानसिक स्वास्थ्य और शतरंज जैसे प्राचीन खेल को राजस्थान में बढ़ावा देना है।

03. राजस्थान में बिजली कंपनियों में कार्यरत कर्मचारियों के लिए अब व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा हेतु कितने रुपए तक का क्लेम मिलेगा?

(a) 5 करोड़ रुपए

(b) 1 करोड़ रुपए

(c) 2 करोड़ रुपए

(d) इनमें से कोई नही

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

♦ राजस्थान के बिजली कर्मचारियों के लिए बड़ी खुशखबरी है। विभिन्न बिजली कंपनियों में कार्यरत कर्मचारियों के लिए अब व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा होगा।

♦दुर्घटना में दिव्यांग होने वाले कर्मचारियों और मृत्यु होने पर उनके आश्रितों को एक करोड़ रुपए तक का क्लेम मिलेगा।

♦कर्मचारियों के दुर्घटना बीमा को कवर करने के लिए बिजली कंपनियों ने भारतीय स्टेट बैंक के साथ एमओयू साइन किया है।

♦22 अप्रैल को जयपुर में मुख्यमंत्री आवास पर सीएम भजनलाल शर्मा की मौजूदगी में एसबीआई और बिजली कंपनियों के बीच एमओयू साइन किया गया।

**04. राजस्थान के कितने पंचायत क्षेत्रों में वनस्पति बीज बैंकों की स्थापना की जाएगी?**

(A) 120

**(B) 150**

(C) 50

(D) इनमें से कोई नही

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

♦ राजस्थान के 150 पंचायत क्षेत्रों में वनस्पति बीज बैंकों की स्थापना की जाएगी, जिसके माध्यम से स्थानीय वनस्पति एवं घास की प्रजातियों का संरक्षण, संग्रहण और संवर्धन किया जाएगा।

♦ इससे राज्य के चारागाह समृद्ध होंगे और पशुधन पोषण को बल मिलेगा।

♦शिक्षा एवं पंचायतीराज मंत्री श्री मदन दिलावर ने 22 अप्रैल को कृषि अनुसंधान संस्थान, दुर्गापुरा में विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर आयोजित वनस्पति बीज बैंक राज्य स्तरीय कार्यशाला में यह जानकारी दी।

05. हाल ही में केंद्रीय सरकार की 'टारगेट ओलंपिक पोडियम योजना (टॉप्स)' की तर्ज पर राजस्थान में भी योजना लागू किए जाने की घोषणा किसने की है?

(A) दीया कुमारी

(B) भजनलाल शर्मा

(C) राज्यवर्धन सिंह राठौड़

(D) इनमें से कोई नही



**Important Facts:**

➥ केंद्रीय खेल मंत्रालय की 'टारगेट ओलंपिक पोडियम योजना (टॉप्स)' की तर्ज पर राज्य में एक योजना लागू होगी इसकी घोषणा राजस्थान के खेल मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने की है

♦केंद्रीय खेल मंत्रालय की टॉप्स जैसी एक योजना राजस्थान में भी शुरू की जाएगी, जिसके तहत 50 खिलाड़ियों को अपने खेल में उत्कृष्टता हासिल करने के लिए समर्थन और वित्त पोषण मिलेगा।''

♦इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि राजस्थान के एथलीट ओलंपिक, एशियाई खेलों और अन्य अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में अधिक से अधिक पदक जीतें

06.हाल ही में जोधपुर कृषि विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने जीरे की कौनसी पहली स्वदेशी किस्म विकसित की है

(a) जोधपुर जीरा-BC

(b) जोधपुर जीरा-7

(c) जोधपुर जीरा-1

(d) इनमें से कोई नही

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

♦ राजस्थान के किसानों को 22 साल के लंबे इंतजार के बाद बड़ी सौगात मिली है।

♦प्रदेश को जीरे की पहली स्वदेशी वैरायटी 'जोधपुर जीरा-1' मिल गई है।

♦इस नई किस्म को जोधपुर कृषि विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने सात वर्षों की मेहनत से विकसित किया है।

♦केंद्रीय किस्म विमोचन समिति (सीएससी) ने इस वैरायटी को दिल्ली में हुई बैठक में आधिकारिक मंजूरी दे दी है

इससे पहले 2004 में गुजरात की किस्म जीसी-4 जारी की गई थी

**07. भारतीय वुशू संघ व राजस्थान वुशू संघ द्वारा 14-19 जून तक 34वीं सीनियर नेशनल वुशू प्रतियोगिता का आयोजन कहां किया जाएगा?**

(A) उदयपुर

(B) जयपुर

(C) अजमेर

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

➥भारतीय वुशू संघ व राजस्थान वुशू संघ द्वारा 14-19 जून तक 34वीं सीनियर नेशनल वुशू प्रतियोगिता का आयोजन जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में किया जाएगा।

♦इस प्रतियोगिता में लगभग 1200 खिलाड़ी भाग लेंगे।

♦ 18वीं राज्य सीनियर वुशू प्रतियोगिता 21-23 मार्च, 2025 को पुष्कर में आयोजित की गई।

08. राजस्थान के शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने किस नदी के जीर्णोद्धार के कार्य का शुभारम्भ किया है?

(a) कोठारी नदी

(b) मेज नदी

(c) पाटली नदी

(d) इनमें से कोई नही

SEARCH ENGINE

**Important Facts:**

♦राजस्थान के शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने 13 मार्च, 2025 को पाटली नदी के जीर्णोद्धार के कार्य का शुभारम्भ किया।राजस्थान के कोटा जिले के रामगंज मण्डी क्षेत्र में जुल्मी गाँव में स्थित यह छोटी नदी है।

♦ ₹5 करोड़ की लागत से पूर्ण होने वाले इस कार्य के अन्तर्गत नदी की तलछट में जमे मलबे, काँच, पत्थर के टुकड़ों व अन्य अपशिष्ट को निकाला जाएगा तथा इसकी चौड़ाई 40 मीटर में की जाएगी।

♦उल्लेखनीय है कि यह नदी प्रदूषण, अतिक्रमण और रख-रखाव की कमी के कारण लगभग विलुप्त हो चुकी थी।

**09. भारत ने ISSF विश्व कप पेरू चरण में 7 पदकों के साथ कौनसा स्थान हासिल किया?**

(a) पहला

(b) तीसरा

(c) दूसरा

(d) चौथा

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

➥भारत ने ISSF विश्व कप पेरू चरण में 7 पदकों के साथ तीसरा स्थान हासिल किया

♦भारत ने अंतर्राष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ (ISSF) विश्व कप के पेरू चरण में अपना अभियान कुल सात पदकों के साथ तीसरे स्थान पर समाप्त किया, जिनमें दो स्वर्ण, चार रजत और एक कांस्य सम्मिलित हैं।

♦चीन चार स्वर्ण, तीन रजत और छह कांस्य पदकों के साथ शीर्ष पर रहा।

♦अमेरिका ने भी सात पदक जीते और भारत से आगे निकलकर दूसरे स्थान पर आ गया।

**10.सुजुकी एरोबिक्स जिम्नास्टिक विश्व कप 2025 का आयोजन कहां होगा?**

**(a) टोक्यो**

**(b) दिल्ली**

**(c) मैक्सिको**

**(d) इनमें से कोई नही**

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

## ➥ सुजुकी एरोबिक्स जिम्नास्टिक विश्व कप 2025

♦छह सदस्यीय भारतीय एरोबिक जिम्नास्टिक टीम सुजुकी एरोबिक्स जिम्नास्टिक विश्व कप 2025 में भाग लेने के लिए टोक्यो के लिए रवाना हो गई है, जो 25 से 27 अप्रैल तक आयोजित किया जाएगा।

♦इस प्रतिष्ठित कार्यक्रम का आयोजन फेडरेशन इंटरनेशनेल डी जिम्नास्टिक (FIG) और इंटरनेशनल एरोबिक्स फेडरेशन, जापान द्वारा किया जाता है।

♦इस आयोजन में 19 देशों के एथलीट भाग लेंगे।

**Today, Quiz:**

**Q. कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ESIC) ने राजस्थान के किस जिले में मेडिकल कॉलेज की स्थापना के लिए सैद्धांतिक मंजूरी दी गई है?**

(a) कोटा

(b) जयपुर

(c) जोधपुर

(d) इनमें से कोई नही

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

GK Search Engine

Today for tomorrow

GK Search Engine

SUBSCRIBE NOW

PRESS BELL ICON

Like

Share

FOLLOW ON INSTAGRAM

FOLLOW ON FACEBOOK

JOIN US ON TELEGRAM

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine